# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-3

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

**बुधवार, दिनांक 27 फरवरी, 2008 (फाल्गुन 8, 1929)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### वर्ष 2008-2009 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री राघव जी, वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार वर्ष 2008-2009 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

वित्त मंत्री के भाषण के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए दिनांक 3 तथा 4 मार्च, 2008 तक का समय नियत किया गया है। आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 27 फरवरी, 2008 को सायं 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में देने का समय नियत किया गया है।

(डॉ. सुनीलम् सदस्य के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के सदस्यों द्वारा बजट को किसान, मजदूर तथा अनुसूचित जाति-जनजाति विरोधी कहते हुए सदन से बहिर्गमन किया गया.)

(श्री हमीद काजी, सदस्य, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा बजट को किसान विरोधी कहते हुए सदन से बहिर्गमन किया गया. )

पूर्वान्ह 11.48 बजे विधानसभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 28 फरवरी, 2008 (फाल्गुन 9, 1929) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**